*233. *The questioner (Shri Ramachandra Khuntia) was absent for answer vide pages* 32-33.]

Misuse of rice under Food for Work Programme

*234. SHRI R.P. GOENKA:†
SHRI AIMADUDDIN AHMAD KHAN (DURRU):

Will the Minister of RURAL DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that recently some representations have been received by his Ministry detailing cases of misuse of a major chunk of over 31.5 lakh tonnes of rice worth Rs. 3,600 crore released by the Central Government, free of cost, under the Food work Programme to Andhra Pradesh; and

(b) if so, the details thereof and the action taken/proposed to be taken thereon?

THE MINISTER OF RURAL DEVELOPMENT (SHRI SHANTA KUMAR): (a) and (b) The Statement is laid on the Table of the House.

Statement

(a) and (b) The Food for Work Programme (FWP) was in operation from January, 2001 to March, 2002. Upto 31st March 2002, Andhra Pradesh was allocated 16.50 lakh tonnes of rice. Some complaints have been received in the Ministry as well as some press reports appeared in newspapers regarding misappropriation of foodgrains allocated under this programme in Andhra Pradesh.These complaints were referred to the State Government for taking appropriate and remedial action The State Government of Andhra Pradesh have reported that 456 Government officials, 50 Sarpanch, 86 Rice Millers, 289 Fair Price Shop Dealers and 73 Transporters were found to be involved in irregularities and that disciplinary and legal action against the erring officials and persons has been initiated.

श्री आर॰पी॰ गोयनका: मैडम, मेरे दो सवाल हैं। एक तो यह है कि जो कागज रखा गया है, वह सर्कुलेट नहीं हुआ है। हमें मिला नहीं है। खैर कोई बात नहीं है क्योंकि कभी-कभी मंत्री लोग न देकर भी किसी की आड़ लेते हैं, इसमें हर्जे की क्या बात है। मैं मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूं कि रूरल डेवलमेंट में आपने पच्चीस सौ करोड़ रुपये आंध्र प्रदेश को दिए हैं, ऐसे और कौन से अंदर स्टेट्स हैं जिनको पैसा दिया है तथा कितना दिया है।

†The question was actually asked on the floor of the House by Shri R.P. Goenka.

श्री शांता कुमार: प्रश्न तो इनका है कि प्रदेशों को कुल व्हीट कितनी दी गयी। तो उसकी मैंने सूचना दी है। दूसरा इनका प्रश्न है कि यह जो टास्क फोर्स ने देना तय किया, उसमें विलम्ब हुआ है। तो इन दोनों प्रश्नों के लिए मैं तैयार होकर आया हूं। मेरा यह कहना है कि उसमें बिल्कुल विलम्ब नहीं हुआ है, बल्कि जितनी जल्दी टास्क फोर्स ने उसका निर्णय किया है, उसके मुताबिक हमने दिया है। मेरे पास 14 प्रदेशों की सूचना है जिसमें राजस्थान को 20-9 को एप्रूवल हुई और 21-9 को हमने रिलीज कर दिया। लगभग उसी दिन रिलीज किया है...(व्यवधान)

एक माननीय सदस्य: यह तो 237 का जवाब दे रहे हैं...(व्यवधान)

SHRI N.K. PREMACHANDRAN: Madam, whose question is he answering? This is a question concerned with the irregularities in Andhra Pradsh. *(Interruption)*...

उपसभापति: आन्ध्र प्रदेश की बात है। He thought that since he comes from Rajasthan ...*(interruptions)*... जवाब तो देने दीजिए...(व्यवधान)... बैठिए ...(व्यवधान)...

SHRI N.K. PREMACHANDRAN: He is a dynamic Chief Minister *(interruptions)*...

DR. ALLADI P. RAJKUMAR: It is true. he is a dynamic Chief Minister. (*Interruptions*)...

SHRI SHANTA KUMAR: मैडम, 234 प्रश्न है—"whether it is a fact that recently some representations have been received by the Ministry detailing cases of misuse of a major chunk of over 31.5 lakh tonnes of rice"...(*Interruptions*)... मिसयूज का प्रश्न है। उसका जवाब मैं दे सकता हूं कि आन्ध्र प्रदेश में जो 31 लाख टन दिया है उसका मिसयूज हुआ। उसकी क्या शिकायतें आईं, शिकायतें आईं तो क्या हुआ-यह प्रश्न है। इस प्रश्न में शिकायतों के बारे में जो भी आप पूछना चाहेंगे, मैं तैयार हूं, जवाब दे सकता हूं ...(व्यवधान)

श्री आर०पी० गोयनका: यह प्रश्न नहीं है। प्रश्न बहुत सिम्पल सा है कि आन्ध्र प्रदेश को जो दिया गया है-बहुत अच्छी बात है-मैं तो बहुत खुश हूं कि किसी को गिफ्ट दिया जा रहा है और अपने देश में दिया जाना चाहिए ...(व्यवधान)

श्री रमान्डला रामचन्द्रय्या: यह जनता को दिया जा रहा है, किसी अकेले को नहीं।

उपसभापति: ठीक है, पूछने दीजिए उनकी राय है ...(व्यवधान)

श्री आर०पी० गोयनका: और किन-किन स्टेटों को दिया गया है तथा कितना दिया है?

उपसभापति: और दूसरी स्टेट्स को कितना दिया है?

श्री शांता कुमार: प्रश्न 234 जो है, मुख्य प्रश्न जो है वह मिसयूज के बारे में है कि आन्ध्र प्रदेश को जो दिया गया है उसके बारे में शिकायतें आईं कि मिसयूज हुआ है। तो उसके बारे में क्या कार्यवाही की है, यह सवाल है। इस सवाल के लिए मैं तैयार हूं। बाकी प्रदेशों को कितना दिया ...(व्यवधान) यह पूरी सूचना मैं सभा पटल पर रख दूंगा।

उपसभापति: रख दीजिए सभा पटल पर।

डा॰ अबरार अहमद: उससे रिलेटेड सप्लीमेंट्री है। उसका जवाब दिलवाइए ...(व्यवधान)

उपसभापति: वे सभा पटल पर दे देंगे। मिसयूज की बात है और यहां गिफ्ट की बात है ...(व्यवधान) Don't behave like this. The point is that he said that the supplementary is not related to it. So he does not have the answer. He is going to lay it on the Table of House (*Interruptions*)...

डा॰ अबरार अहमद: मूल प्रश्न काम के बदले अनाज के बारे में है ...(व्यवधान)

डा॰ अलादी पी॰ राजकुमार: आपने मुझे मौका दिया है। मुझे बात करने की इजाजत दी है...(व्यवधान)... मुझे एक प्रश्न पूछना है ...(व्यवधान)...

उपसभापति: आप तो बिना पूछे ही बोल देते हैं ...(व्यवधान)

डा॰ अबरार अहमद: यह रिलेटेड नहीं है तो रिलेटेड क्या है?

DR. ALLADI. P. RAJKUMAR: Is it is a fact that the total number of programmes undertaken under the Food-for-Work Programme in Andhra Pradesh is five lakhs and that they are on the internet? (*Interruptions*)...

डा॰ अबरार अहमद: मैडम, मिनिस्टर को कहिए कि जवाब दें ...(व्यवधान)

उपसभापति: उन्होंने दे दिया है ...(व्यवधान)

डा॰ अबरार अहमद: यह हाउस की गरिमा के खिलाफ है ...(व्यवधान)

श्री शांता कुमार: यह इससे सम्बद्ध नहीं है।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Question Hour is over.